Sl.No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7 + Map

S–124–Social Science (D&D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2019

सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SCIENCE

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5) प्रश्नों के अंक भार उनके सम्मुख अंकित हैं।

6) प्रश्न संख्या 30 मानचित्र से संबंधित है। मानचित्र को उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी करें।

7) प्रश्न संख्या 27 से 29 में आन्तरिक विकल्प हैं।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1) वर्तमान जयपुर के आस–पास का क्षेत्र किस महाजनपद के नाम से जाना जाता था? [1]

(अ) अंग (ब) मत्स्य

(स) वज्जि (द) कुरु

2) रजिया ने किससे विवाह किया था? [1]

(अ) कुबाचा (ब) यल्दौज

(स) अल्तुनिया (द) आरामशाह

3) अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली का आदर्श उदाहरण है? [1]

(अ) ग्रेट ब्रिटेन (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका

(स) भारत (द) स्विट्ज़रलैण्ड

4) राजस्थान में भारत का कुल रेल मार्गों का कितना प्रतिशत स्थित है? [1]

(अ) 7 प्रतिशत (ब) 16 प्रतिशत

(स) 11 प्रतिशत (द) 18 प्रतिशत

अति–लघूत्तरात्मक प्रश्न :-

5) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **[1+1=2]**

6) 20 वीं शताब्दी में राजस्थान में हुए किन्हीं दो किसान आन्दोलनों का नाम लिखिए। **[1+1=2]**

7) लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के कोई दो गुण लिखिए। **[1+1=2]**

8) लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए आवश्यक किन्हीं दो शर्तों का उल्लेख कीजिए। **[1+1=2]**

9) राष्ट्रपति संविधान के कौन–कौन से अनुच्छेदों के अन्तर्गत आपातकाल की घोषणा कर सकता है? **[1+1=2]**

10) लोकसभा का सदस्य बनने के लिए किसी व्यक्ति में किन–किन योग्यताओं का होना आवश्यक है? कोई दो लिखिए। **[1+1=2]**

11) निजीकरण से आप क्या समझते हैं? **[2]**

12) आप कैसे कह सकते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक विकासशील अर्थव्यवस्था हैं? पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए। **[1+1=2]**

13) वाहन चलाते समय हमें कौन–कौन सी सावधानियाँ रखनी चाहिए? कोई दो लिखिए। **[1+1=2]**

14) ठोस कचरा प्रबन्धन के कोई दो लाभ लिखिए। **[1+1=2]**

लघुत्तरात्मक प्रश्नः–

15) प्रधानमंत्री के कोई तीन कार्य लिखिए। **[1+1+1=3]**

16) राज्यपाल पद के उम्मीदवार के लिए आवश्यक कोई तीन शर्तों का उल्लेख कीजिए। **[1+1+1=3]**

17) राजस्थान की किन्हीं तीन जल विद्युत परियोजनाओं का वर्णन कीजिए। **[1+1+1=3]**

18) गेंहू की फसल के लिए आवश्यक कोई तीन भौगोलिक दशाएँ लिखिए। **[1+1+1=3]**

19) भारत में बॉक्साइट वितरण पर एक टिप्पणी लिखिए। [3]

20) राजस्थान में सीमेंट उद्योग के विकास पर प्रकाश डालिए। [3]

21) जनसंख्या वृद्धि के कारण किसी देश में उत्पन्न होने वाली तीन समस्याओं का उल्लेख कीजिए। [1+1+1=3]

22) भारत में आर्थिक नियोजन के कोई तीन उद्देश्य लिखिए। [1+1+1=3]

23) भारत में बेरोजगारी की समस्या के लिए उत्तरदायी कोई तीन कारण लिखिए। [1+1+1=3]

निबंधात्मक प्रश्न :–

24) वस्त्र उद्योग में औद्योगिक क्रांति के समय हुए परिवर्तनों को लिखिए। [4]

25) अशोक के धम्म की प्रमुख विशेषतायें लिखिए। [4]

26) सवाई जयसिंह की प्रमुख उपलब्धियाँ लिखिए। [4]

27) मुद्रा का अर्थ बताते हुए इसके विकास के चरण लिखिए। [4]

अथवा

देशी बैंकर से आप क्या समझते हैं? इसके तीन कार्य लिखिए।

28) एक उपभोक्ता के रूप में आपके क्या–क्या कर्तव्य हैं? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए। [1+1+1+1=4]

अथवा

सूचना के अधिकार में सूचना प्राप्त करने का क्या तरीका दिया गया है?

29) राज्यपाल की स्व – विवेकिय शक्तियाँ लिखिए। [5]

अथवा

राज्यमंत्री परिषद की प्रमुख शक्तियों व कार्यों का उल्लेख कीजिए।

30) भारत के रेखा – मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों का अंकन कीजिए। **[1+1+1+1=4]**

i) राजस्थान

ii) चेन्नई

iii) कन्याकुमारी

iv) श्रीनगर

♦ ♦ ♦

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

S–124–Social Science (D&D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2019

सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SCIENCE